इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
UNIVERSITY OF ALLAHABAD, PRAYAGRAJ
राजभाषा प्रकोष्ठ / RAJBHASHA CELL
कक्ष सं. 12-13, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद
विश्वविद्यालय, प्रयागराज. ई-मेल rajbhasha@allduniv.ac.in.

**पत्रांक :** रा.भा./रा.प./2026-27/ **दिनांक :** 27 अगस्त, 2026

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय : विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों में हिन्दी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किए जाने के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं. **11034/15/2015-रा.भा. (नीति), दिनांक 26 फरवरी, 2016** के प्रावधानों के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में हिन्दी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया जाता है।

2. उक्त के अनुपालन में **इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के संघटक महाविद्यालयों** में भी राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार, हिन्दी के कार्यसाधक ज्ञान को प्रोत्साहित करने तथा कार्यालयीन एवं शैक्षणिक कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **सितंबर माह में हिन्दी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़े का आयोजन** किया जाना है।
3. इस संबंध में विश्वविद्यालय के समस्त संघटक महाविद्यालयों के **प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक** से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने-अपने महाविद्यालय में **हिन्दी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़े** के अंतर्गत हिन्दी से संबंधित **विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन** कराना सुनिश्चित करें तथा महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर अधिकारियों/कर्मचारियों और अध्ययनरत विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
4. आयोजित कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं के संबंध में की गई कार्रवाई की **संक्षिप्त आख्या**, कार्यक्रमों के विवरण एवं उपलब्धियों सहित, राजभाषा प्रकोष्ठ को rajbhasha@allduniv.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
5. संबंधित महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि राजभाषा पखवाड़े के आयोजन से संबंधित समस्त कार्रवाई **समयबद्ध रूप से पूर्ण** करते हुए इसकी सूचना राजभाषा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

आशीष

**(प्रो. आशीष खरे)**
**कुलसचिव, इ.वि.वि.**

**पत्रांक :** रा.भा./रा.प./2026-27/ **दिनांक :** 27 अगस्त, 2026.

**प्रतिलिपि :** निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

01. **प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक:** आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, जगत तारण गर्ल्स डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, एस.एस. खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज, के.पी. ट्रेनिंग कॉलेज, राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय, एस.पी.एम. डिग्री कॉलेज, हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं जी.बी. पंत संस्थान।
02. अध्यक्ष, सी.टी. प्रकोष्ठ **को** इस आशय के साथ कि उक्त कार्यालय ज्ञापन को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराने की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।
03. माननीय कुलपति महोदया के वैयक्तिक सचिव **को** माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
04. कार्यालय प्रति।

प्रवीण श्रीवास्तव 27.08.2026

**(प्रवीण श्रीवास्तव)**
हिन्दी अधिकारी (राजभाषा)
इ.वि.वि.

27/8/26.

**(प्रो. कुमार वीरेंद्र)**
संयोजक रा.भ.का.स.
इ.वि.वि.